## दर्दनाक सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल



**पानसेमल।** थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में जहां 1 व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं 2 घायलों में 1 को रैफर किया है। मंगलवार दोपहर 2 बजे के दरमियान खेतिया-सेंधवा स्टेट हाईवे पर श्रीराम कुटिया के पास दो बाईकों की आपस में जोरदार भिड़ंत हो गई। इस हादसे में घोटाली महाराष्ट्र निवासी जतन पिता रूपसिंह की मौत हो गई एवं शरद सोहम वड़वि, सूरज विजय वसावे कुकरमुंडा महाराष्ट्र निवासी घायल हुए हैं। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि बाईक का अगला पहिया निकल गया। सूचना के बाद मौके पर 108 ईएमटी जोगेंद्र बर्डे, पायलट पंकज पाटीदार ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉ लल्लू झीले, डॉ अभिषेक पटेल ने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ घायलों का उपचार किया। घटनास्थल पर एफआरवी वाहन पर मौजूद आरक्षक देवीसिंह खेड़कर और पायलट नितेश पाटिल भी पहुंचे थे। आरक्षक देवीसिंह एवं ईएमटी जोगेंद्र को जेब में डायरी मिली, जिसमें लिखे फोन नम्बर पर संपर्क किया। घटना कैसे हुई यह पुलिस जांच के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा। जानकारी के बाद परिजन पहुंच गए थे। शव के पीएम के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## नागरिकों की जल संबंधी समस्याएं सुनी




**निवाली।** नगर परिषद निवाली बुजुर्ग द्वारा 12 जनवरी को मंदिर चौक में जल सुनवाई का आयोजन किया। इस दौरान नागरिकों की जल संबंधी समस्याओं को सुना व पेयजल के विभिन्न स्त्रोतों के 10 जल सेम्पलिंग कर गुणवत्ता की जांच की गई। साथ ही संबंधित शाखा को आवश्यक कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया। उक्त जल सुनवाई में नगर परिषद सीएमओ रूपसिंह सोलंकी, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिसोदिया, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि अखिलेश सोनी, पार्षद प्रतिनिधि संतोष राठौड़, पीएचई विभाग ब्लॉक समन्वयक दीक्षा गुप्ता, राजस्व उप निरीक्षक केतराम ब्राहमणे एवं जल शाखा के कर्मचारी उपस्थित थे।

## 16 को होगा विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन



**निवाली।** आगामी 16 जनवरी को नगर में विशाल हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसी को लेकर श्रीराम मंदिर से बालिकाओं द्वारा अपने सिर पर कलश लेकर कलश यात्रा निकाली गई। हिन्दू सम्मेलन के कार्यक्रम स्थल पलसुद रोड़ पर अमृतजीवन गार्डन में पहुंचे और पूजन कर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर गुटिया प्रजापति, त्रिलोक सोनी, विनय निकुम, लवेश भावसार, भगवान तंवर, देवेंद्र गोले, गोरेलाल सोलंकी, जयंत भावसार, संघ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## युवा दिवस पर सूर्य नमस्कार कर लिया राष्ट्र निर्माण का संकल्प

**इंदौर.** श्री वैष्णव इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड साइंस में स्वामी विवेकानंद जयंती युवा दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई और भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में सूर्य नमस्कार एवं रन फॉर स्वदेशी (स्वदेशी संकल्प रन) का आयोजन किया. कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भरता और भारतीय ज्ञान परंपरा के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा. संस्थान के निदेशक डॉ. जॉर्ज थॉमस ने युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वामी विवेकानंद के विचारों और आदर्शों पर चलने का आह्वान किया. उन्होंने कहा कि भारत को वैश्विक मंच पर अग्रणी बनाने के लिए युवाओं को स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग का अनुसरण करना होगा. साथ ही उन्होंने स्वदेशी को अपनाने को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अहम कदम बताया.कार्यक्रम का समन्वय रितेश कुशवाह और राजेश सूर्यवंशी द्वारा किया. इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी कल्पेश भट्ट सहित 200 से अधिक विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे.

## प्राचार्य पंवार को रविन्द्रनाथ टैगोर राष्ट्रीय पुरस्कार

**महू.** विगत दिनों इंदौर के एक निजी होटल में रवींद्रनाथ टैगोर प्रिंसिपल राष्ट्रीय पुरस्कार में पूरे प्रदेश से चयनित से 300 से ज्यादा प्राचार्य, शिक्षाविद्, डायरेक्टर शामिल हुए. इसमें संस्कार विद्यापीठ हरदा के प्राचार्य श्री पंवार को इस राष्ट्रीय पुरस्कार से नवाजा गया. प्राचार्य श्री पंवार ने बताया कि यह पुरस्कार उन्हें विगत 35 वर्षों से अधिक शिक्षा के क्षेत्र में दिए गए योगदान के लिए दिया गया. इस कार्यक्रम में राउंड द टेबल डिस्कशन, डायवर्सिटी एंड इंक्लूजन एजुकेशन इन 21 सेंचुरी में 15 से अधिक प्राचार्यों ने अपने विचार रखे. श्री पंवार ने कहा यह पुरस्कार उनकी मां स्वर्गीय मंजुला देवी पवार को समर्पित है.

## सैनी परिवार की दो होनहार बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन

**महू.** इंदौर जिले में आयोजित अंतर-विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता में सैनी परिवार की दो होनहार बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन किया है. प्रतियोगिता में आरवी सैनी ने रजत पदक और आरोही सैनी ने स्वर्ण पदक जीतकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की. यह प्रतियोगिता जिला स्तर पर आयोजित की गई थी, जिसमें कई विद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया. दोनों बेटियों की इस सफलता से परिवार, विद्यालय और क्षेत्र में खुशी की लहर है. उनकी इस उपलब्धि ने सभी को गर्व महसूस कराया है. साथ ही वे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनी हैं.

## महाविद्यालय में स्वदेशी रन का आयोजन

**महू.** भेरूलाल पाटीदार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय महू में सोमवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर प्रदेश के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ एवं महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी रन का आयोजन किया गया. महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने बताया कि आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग भोपाल के निर्देश पर महाविद्यालय में राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों एवं शैक्षणिक अशैक्षणिक स्टॉफ को स्वदेशी सामग्री को दैनिक जीवन में उपयोग करने की शपथ दिलाई. उसके उपरांत विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को सूर्य नमस्कार के विभिन्न आसन करवाए गए. तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रवीण ओझा ने विद्यार्थियों एवं स्टॉफ को हरी झंडी दिखाकर स्वदेशी रन के लिए रवाना किया.

# सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया

### पंच परिवर्तन पर रखे विचार, भारत माता की आरती एवं सहभोज के साथ हुआ समापन





**पानसेमल (नवभारत)।** नगर में सकल हिंदू समाज द्वारा हिंदू सम्मलेन का आयोजन किया गया। करीब 15 दिनों की सतत तैयारियों के बाद बाबा अंबेडकर बस्ती में सोमवार शासकीय कन्या विद्यालय परिसर में मंचीय कार्यक्रम सहभोज के साथ संपन्न हुआ। आयोजन में प्रमुख वक्ता विभाग बौद्धिक अनिल पाटीदार, धर्म जागरण मंच खरगोन विभाग संयोजक, जागृति चावड़ा, सरस्वती शिशु मंदिर सह सचिव लक्ष्मी चौहान रहे।

संत राजाराम दास महाराज, संत प्रवीण दास महाराज, खंड संयोजक जालम सिंह पंड्या, आयोजन समिति के संयोजक दिलीप सोनी, खंड संघ संचालक श्रीराम नंदराले मंचासीन थे। वहीं नगर की माधव बस्ती में संत भरत महाराज, मुख्य वक्ता सुरेश कुशवाह जिला संघ चालक, अतिथि ज्योति शर्मा, आयोजन समिति के मनोज सोनिस अतिथि मंचासिन रहे। लक्ष्मी चौहान ने पंच परिवर्तन के पांच बिंदु सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, प्र्यावरण संरक्षण, नागरिक कर्तव्य एवं स्वदेशी भाव पर अपने विचार व्यक्त किए। जागृति चावड़ा ने कहा कि वर्तमान समय में परिवार में सामंजस्य बनाने में समस्याएं आ रही हैं। परिवार में माता-पिता एवं बड़ों का आदर करना चाहिए। परिवार के सदस्यों के विचार भिन्न हो सकते हैं, लेकिन परिवार में हम भोजन एक साथ तो कर सकते हैं। सामूहिक भोजन करने के नियम बनाने चाहिए, जिससे विभिन्न विषयों पर चर्चा हो सके एवं मोबाईल को कुछ समय अलग रखकर परिवार के सदस्यों से बातचीत करे। बच्चों के साथ समय बिताए।

मुख्य वक्ता अनिल पाटीदार ने भारत देश की वर्तमान परिस्थितियों को लेकर अपनी बात रखी। इस समय जो हिंदू समाज जातियों में बटा हुआ है, इस षड़यंत्र को समझना होगा। अपनी बहनों और बेटियों के विरुद्ध हो रहे जेहाद धर्म परिवर्तन से बचना सिखाना होगा। केरल, बंगाल सहित अन्य स्थानों पर हिंदुओं की स्थिति के बारे में बताया और कहा कि हिंदू यदि संगठित नहीं हो पाया तो आगे हिंदू समाज को हानि होगी। दुनिया में हिन्दुओं की हालत कैसी है यह सभी जानते हैं। हम कितने भी शक्तिशाली हो, लेकिन हमें सतर्क रहना होगा। जिस तरह महाभारत में अधर्म हारा और धर्म की जीत हुई थी। उसी तरह हमें भी जाती-पाती को छोड़कर धर्म के साथ खड़ा होना होगा। युवा पीढ़ी नशे की ओर बढ़ते जा रही है, हमें चिंतन करते हुए युवाओं को समझाना होगा। बटोगे तो कटोगे इस नारे को लेकर भी अपनी बात रखी।

स्वामी विवेकानंद के वाक्य उठो जागो और अपने लक्ष्य को पहचाने इस वाक्य को चरितार्थ करने की बात कहते हुए अपनी बात को समाप्त की। कार्यक्रम का संचालन अश्विनी मिश्रा ने किया। करीब 10000 व्यक्तियों के लिए भोजन बनाया गया था। नगर में प्रथम बार हुए हिंदू समाज के इस आयोजन के पूर्व सार्वजनिक बैठक, पीले चावल से निमंत्रण, बाईक रैली, सहयोग राशि एवं सामग्री एकत्र करने सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं समिति सदस्यों और समाजजनों द्वारा की गई थी। नगर में भगवा ध्वज भी लगाए गए। सम्मेलन में जनप्रतिनिधियों सहित समाजसेवियों ने सहभागिता की।

**बड़ों का आदर करना**

- परिवार में माता-पिता एवं बड़ों का आदर करना चाहिए।
- जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों ने की सहभागिता।

## चायनीज मांजे पर रोक


**सेंधवा।** जिला दंडाधिकारी ने जिले में चायनीज मांजे के निर्माण, विक्रय एवं उपयोग पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। आदेश के पालन में एसपी जगदीश डाबर ने सभी थाना प्रभारी को कार्रवाई के निर्देश दिए। थाना सेंधवा शहर प्रभारी निरीक्षक बलजीत सिंह बिसेन ने टीम गठित कर एएसपी धीरज बब्बर, एसडीओपी अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में पतंग व मांजा दुकानों पर चैकिंग कराई। दुकानदारों को चायनीज मांजे के विक्रय पर प्रतिबंध की जानकारी दी गई। पुलिस ने बताया कि चायनीज मांजे के उपयोग से आमजन और निर्दोश पशु-पक्षियों को गंभीर क्षति हो सकती है। शहरवासियों से सुरक्षित और वैध मांजे के उपयोग की अपील की गई। उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी।

## आज धूमधाम से मकर संक्रांति मनाई जाएगी

**निवाली।** नगर में आज धूमधाम से मकर संक्रांति मनाई जाएगी। मकर संक्रांति पर बच्चे पतंग उड़ते नजर आ रहे बच्चों में काफी खुशी देखने को मिल रही, लेकिन बच्चे पतंग उड़ाते उड़ाते पतंग बाजी के चक्कर में कटी पतंग के पीछे दीवाने होकर पतंग की ओर देखते हुए भागते हैं कि दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। ऐसा ही नजारा गली-मोहल्लों में पतंग ही पतंग आसमान में नजर आ रही है। जहां कटी हुई पतंग के पीछे बच्चे पतंग लुटने के चक्कर में पतंग की ओर देखते हुए भाग रहे थे। जो जान जोखिम में डालकर भागते हैं।



# खेत के कुएं में गिरा तेंदुआ, डुबने से मौत, वन विभाग कर रहा जांच





**नवभारत न्यूज़**
**सेंधवा, 14 जनवरी.**

सेंधवा से लगभग 60 किमी दूर वरला तहसील के ग्राम छतरीपाडवा में मंगलवार सुबह एक तेंदुआ खेत में बने पानी से भरे कुएं में गिर गया। यह कुआं किसान दलसिंग तरोले के खेत में स्थित है। कुएं में गिरने के बाद तेंदुआ बाहर नहीं निकल सका और पानी में डुबने से उसकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलने पर वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने स्थिति का निरीक्षण किया, लेकिन तब तक तेंदुआ मृत अवस्था में पाया गया। इसके बाद रस्सियों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला गया और आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई।

### पोस्टमॉर्टम और जांच प्रक्रिया

मृत तेंदुए के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए वरला भेजा गया, जहां पशु चिकित्सकों की टीम द्वारा परीक्षण किया जा रहा है। वरला के एसडीओ मुकेश मरावी ने बताया कि सुबह करीब 9 बजे कुएं में तेंदुआ गिरने की सूचना मिली थी। उनके अनुसार मृत तेंदुआ नर था और उसकी उम्र लगभग 5 वर्ष थी। वन विभाग यह जांच कर रहा है कि तेंदुआ किन परिस्थितियों में कुएं में गिरा।

### सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो

घटना के दौरान तेंदुए के कुएं में गिरने से जुड़े कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं। इन वीडियो में तेंदुआ पानी में तैरता हुआ बाहर निकलने के प्रयास करता दिख रहा है, जबकि आसपास मौजूद ग्रामीण घटना का वीडियो बनाते नजर आ रहे हैं।

**बाहर नहीं निकल सका**

कुएं में गिरने के बाद तेंदुआ बाहर नहीं निकल सका और पानी में डुबने से उसकी मौत हो गई।

# रेस्क्यू के बाद तेंदुए को रखने से जू ने किया इनकार

- इलाज को लेकर वन विभाग-चिड़ियाघर आमने-सामने
- रातभर रालामंडल में रखा गया घायल तेंदुआ



**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** रेस्क्यू किए गए घायल तेंदुए को लेकर वन विभाग और चिड़ियाघर प्रबंधन के बीच टकराव की स्थिति बन गई. तेंदुए का सफल रेस्क्यू करने के बाद वन विभाग की टीम उसे इलाज के लिए कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय लेकर पहुंची, लेकिन वहां मौजूद स्टाफ ने न केवल तेंदुए को रखने से, बल्कि उसका इलाज करने से भी इनकार कर दिया. इस पर रालामंडल के फॉरेस्ट एसडीओ भड़क उठे और काफी देर तक विवाद की स्थिति बनी रही.

चिड़ियाघर से सहयोग नहीं मिलने के बाद वन विभाग की रेस्क्यू टीम को घायल तेंदुए को वापस रालामंडल ले जाना पड़ा. तेंदुआ रालामंडल में ही रखा गया है, जहां वन विभाग के स्टाफ ने रातभर उस पर निगरानी रखी. विभागीय अधिकारियों के अनुसार तेंदुए की मेडिकल जांच और इलाज के लिए उसे महू स्थित वेटरनरी हॉस्पिटल ले जाया जाएगा. रालामंडल एसडीओ कटारा ने बताया कि घायल या बीमार वन्यजीवों के इलाज और अस्थायी रखरखाव के लिए चिड़ियाघर प्रबंधन वन विभाग से अधिकृत है, लेकिन जब भी किसी वन्यजीव, विशेषकर तेंदुए को इलाज के लिए जू लाया जाता है, तो स्टाफ की ओर से अक्सर किसी न किसी कारण का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचने की कोशिश की जाती है. इस बार भी यही स्थिति बनी, जिसके चलते घायल तेंदुए को बिना इलाज लौटाना पड़ा.

**चिड़ियाघर प्रबंधन की सफाई...**

इस पूरे मामले में चिड़ियाघर प्रबंधन की ओर से सफाई दी गई. जू में पदस्थ राकेश यादव ने बताया कि चिड़ियाघर में पदस्थ वाइल्ड एनिमल स्पेशलिस्ट डॉक्टर के परिवार में निधन हो गया है, जिस कारण वे अवकाश पर हैं. इसी वजह से तेंदुए का इलाज वहां संभव नहीं हो सका. इधर, इंदौर वनमंडल के डीएफओ का कहना है कि एक ओर जिले में तेंदुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर बिना मुंडेर वाले कुएं, खेतों में जंगली सूअर से बचाव के लिए लगाए जाने वाले फंदे और खुले बिजली के तार तेंदुओं सहित अन्य वन्यजीवों के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं. इसी तरह की परिस्थितियों में तेंदुओं के घायल होने की घटनाएं सामने आ रही हैं.

## अब इंदौर वन विभाग खोलेगा अपना रेस्क्यू सेंटर

**इंदौर.** वन मंडल में तेंदुओं सहित अन्य वन्यजीवों की संख्या लगातार बढ़ने के साथ रेस्क्यू और इलाज की जरूरत भी बढ़ती जा रही है. इसी को देखते हुए अब वन विभाग इंदौर में खुद का रेस्क्यू सेंटर खोलने की तैयारी में जुट गया है, ताकि घायल और बीमार वन्यजीवों के इलाज व रखरखाव में किसी तरह की परेशानी न हो. डीएफओ प्रदीप मिश्रा के मुताबिक, बीते कुछ वर्षों में तेंदुओं और अन्य वन्यजीवों के रेस्क्यू ऑपरेशन के मामले तेजी से बढ़े हैं. अभी तक रेस्क्यू के बाद घायल तेंदुओं और वन्यजीवों के इलाज व इलाज के दौरान उनके रखरखाव के लिए वन विभाग को कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय पर निर्भर रहना पड़ता है. वन विभाग की रेस्क्यू टीम को केवल इंदौर वन मंडल ही नहीं, बल्कि महू, चोरल, मानपुर, इंदौर सहित संभाग के अन्य जिलों में भी रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए जाना पड़ता है.

**रेस्क्यू की बढ़ती संख्या के चलते महसूस की जा रही जरूरत**

रेस्क्यू की बढ़ती संख्या के चलते अब विशेषज्ञ वाइल्ड लाइफ डॉक्टरों और पर्याप्त सुविधाओं की कमी महसूस की जा रही है. आंकड़ों के मुताबिक बीते पांच साल में इंदौर वन मंडल की रेस्क्यू टीम अब तक 67 तेंदुओं का सफल रेस्क्यू कर चुकी है. इसी अनुभव और बढ़ते दबाव को देखते हुए वन विभाग ने इंदौर में अपना अलग रेस्क्यू सेंटर स्थापित करने का निर्णय लिया है, जिससे भविष्य में घायल और बीमार वन्यजीवों का समय पर इलाज सुनिश्चित किया जा सकेगा.



## गंगवाल बस स्टैंड से 180 लीटर अवैध शराब जब्त

- पुलिस ने सप्लाई से पहले तस्कर को दबोचा

**नव भारत न्यूज**
**इंदौर.** हॉटस्पॉट चेकिंग के दौरान छत्रीपुरा पुलिस ने गंगवाल बस स्टैंड के पास बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध अंग्रेजी शराब की खेप पकड़ी. आरोपी चार कार्टूनों में भरकर शराब लेकर खड़ा था और उसे जिले से बाहर सप्लाई करने की तैयारी में था. मौके से पुलिस ने शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया.

पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गंगवाल बस स्टैंड स्थित शौचालय के पास एक व्यक्ति चार कागज के कार्टूनों के साथ संदिग्ध हालत में खड़ा है. सूचना की तस्दीक के बाद थाना छत्रीपुरा पुलिस ने दबिश दी. तलाशी में चार कार्टूनों से ओल्ड मोंक और मैकडोनल्ड कंपनी के 1004 क्वार्टर बरामद हुए, जिनकी बल्क मात्रा 180.72 लीटर पाई गई. जब्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 80 हजार रुपए आंकी गई है. जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी के विरुद्ध पूर्व से कई आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं. गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमित पिता मूलचंद्र राय उम्र 27 वर्ष निवासी 71, गरीब नवाज कॉलोनी, छोटा बांगड़दा इंदौर के रूप में हुई है. पुलिस आरोपी से शराब कहां से लाई गई और किन-किन जगहों पर सप्लाई की जानी थी, इस संबंध में पूछताछ कर रही है.

## दिनदहाड़े फ्लैट का ताला तोड़कर नकदी और जेवरात चोरी

**इंदौर.** तुकोगंज थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े एक फ्लैट में चोरी की वारदात सामने आई है. अज्ञात बदमाश ने फ्लैट का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया और नकदी समेत सोने के जेवरात चुरा ले गया. घटना के बाद से रहवासी इलाके में दहशत का माहौल है. फरियादी अर्चना बोरदिया निवासी ए-701 शिवओम रेसिडेंसी, 579 एमजी रोड, ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पिछले दिनों सुबह करीब 7 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच कोई अज्ञात बदमाश उनके फ्लैट का दरवाजा तोड़कर अंदर घुसा. बदमाश फ्लैट से 20 हजार रुपये नकद और सोने के जेवरात चोरी कर ले गया. घटना का पता उस समय चला जब फरियादी घर लौटी और दरवाजा टूटा हुआ मिला. अलमारी व अन्य सामान भी बिखरा पड़ा था. तुकोगंज पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है.

## विधायक के घर के पास से ई-रिक्शा की बैटरी चोरी

**इंदौर.** बाणगंगा थाना क्षेत्र में विधायक गोलू शुक्ला के घर के पास खड़ी एक ई-रिक्शा से अज्ञात बदमाश बैटरी चोरी कर ले गया. वारदात रात के समय हुई, पुलिस जांच में जुटी. फरियादी किशन हार्डिया उम्र 28 निवासी गोमा की फेल, सिद्धेश्वर टेंपल के पास, मालवा मिल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसने अपनी ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 09 जेडक्यू 5826 को विधायक गोलू शुक्ला के घर के पास स्थित प्लांट परिसर में लॉक कर खड़ा किया था, इसके बाद वह घर चला गया.

**एक नजर में** शहर के कई हिस्सों में बनी हुई है जल संकट और दूषित पानी की गंभीर समस्या

## कई वार्डों में नर्मदा पाइपलाइन तो है, पर पानी नहीं आता



**इंदौर.** शहर में दूषित पानी और जल संकट की समस्या गंभीर बनी हुई है, खासकर भागीरथपुरा जैसे इलाकों में, जहां हाल ही में दूषित पानी के कारण कई लोगों की मौतें और सैकड़ों लोग बीमार हुए हैं. नगर निगम ने इन समस्याओं के समाधान के लिए नई पाइपलाइन डालने और बुनियादी ढांचे को बदलने का काम शुरू कर दिया है, लेकिन कुछ जगहों पर अभी भी काम रुका हुआ है या चल रहा है. दूसरी ओर शहर में कई क्षेत्र ऐसे भी जहां कई वर्ष पूर्व पाइपलाइन तो डाल दी गई, लेकिन अभी तक जल सप्लाई शुरू नहीं की गई.

ऐसा ही एक क्षेत्र है फूटी कोठी अंतर्गत आने वाला वार्ड क्रमांक 85. वार्ड के कई हिस्सों में आज भी लोग पानी की किल्लत उठाते आ रहे हैं. क्षेत्र के कई पार्षद

**यह बोले रहवासी...**



नर्मदा लाईन से पानी नहीं आता और बोरिंग की लाईन कहीं डाली गई कहीं नहीं, हर रोज मैं दूर से पानी लाती हूं. मैंने कई बार निवेदन किया कि मुझे भी नर्मदा कनेक्शन दे दो, लेकिन कोई सुनता ही नहीं.
**- लीला बाई**



पूर्व पार्षद ने नर्मदा लाईन डलवाई थी, लेकिन आज तक उसमें पानी नहीं आया. आठ दिन में नगर निगम द्वारा पानी का टैंकर आता है, भला अब ऐसे में पानी की पूति कैसे हो सकती है.
**- सुमित्रा बाई**



कई साल हो गए राम मंदिर से आगे तक नर्मदा का पानी नहीं आता है. लोग पानी को लेकर परेशानी उठाते आ रहे है. निगम अधिकारी तो दूर की बात क्षेत्र के पार्षद तक यहां नहीं आते.
**- राधेश्याम बछानी**